पशुपालन के आधारभूत स्तम्भ

नस्ल एवं प्रजननः-

- अपने क्षेत्र तथा वातावरण के अनुसार सही नस्ल का चुनाव करें।
- अधिकतम अनुवांशिक क्षमता रखने वाले नर से ही गर्भाधान करावें।
- कमजोर, बीमार एवं कम अनुवांशिक क्षमता वाले पशुओं की छंटनी करें।

संतुलित आहारः-

- प्रत्येक पशु को उसकी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में संतुलित आहार दें।
- पर्याप्त मात्रा में दाना एवं हरा चारा दें।

समुचित आवास व्यवस्था एवं रख रखावः-

- पशुशाला स्वच्छ व हवादार होनी चाहिए।
- पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी मिलना चाहिए।
- आवास की प्रतिदिन सफाई होनी चाहिए।

स्वास्थ्य रक्षाः-



- समय समय पर बीमारी निरोधक टीके लगवायें।
- समय-समय पर अंतः एवं बाह्य परजीवी नाशक दवाओं का प्रयोग अवश्य करें।

विपणनः-

- अपने नजदीक के बाजारों में भावों का ज्ञान रखें।
- अपने पशु तथा उत्पाद बेचने से पहले सही बाजार भाव मालूम करें।

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग
स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पी.जी.आई.वी.ई.आर.)
(राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय)
एन.एच. 11, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर-302031